महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संबंध में फरवरी, 2022 के माह की मासिक सारांश रिपोर्ट

फरवरी, 2022 के अंत तक महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा की गई महत्वपूर्ण गतिविधियां निम्नलिखित है:-

1. **15वें वित्तीय आयोग के दौरान जारी रखे जाने के लिए मंत्रालय की स्कीमों का अनुमोदन :** व्यय विभाग ने दिनांक 01.02.2022 के अपने कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से मंत्रिमंडल द्वारा दिनांक 19.01.2022 के अपने निर्णय के माध्यम से मंत्रालय की स्कीमों को जारी रखने के अनुमोदन के संबंध में सूचित किया है जिसके द्वारा अब सभी स्कीमों को 15वें वित्तीय आयोग के दौरान महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तीकरण के लिए मिशन शक्ति, बालकों के संरक्षण और कल्याण के लिए मिशन वात्सल्य तथा सक्षम आंगनवाडी और देश में पोषण मानकों में सुधार लाने के लिए पोषण 2.0 को क्रमश: 20,989 करोड रूपये, 10,916 करोड रूपये और 1,02,031 करोड रूपये के अधिक परिव्यय के साथ सीधा जोड दिया गया है ।

2. **प्रारूप मंत्रिमंडल नोट और मानव दुर्व्यापार ड्राफ्ट (संरक्षण, देखभाल और पुनर्वास) विधेयक :** प्रारूप मंत्रिमंडल नोट और मानव दुर्व्यापार (संरक्षण, देखभाल और पुनर्वास) ड्राफ्ट विधेयक के अंतिम प्रारूप को विविक्षा हेतु दिनांक 07.02.2022 को विधायी विभाग (एलडी) को भेज दिया गया था । मंत्रालय इस विधेयक को संसद के वर्तमान सत्र में लाने की आशा करता है ।

3. **बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) के कार्यान्वयन की समीक्षा हेतु राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) की 8वीं बैठक :** राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) की 8वीं बैठक का आयोजन राष्ट्रीय, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और जिला स्तरों पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) के कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए वीडियो कान्फ्रेन्स के माध्यम से दिनांक 16 फरवरी, 2022 को सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमडब्ल्यूसीडी) की अध्यक्षता में किया गया था ।

4. **सचिव, महिला एवं बाल विकस द्वारा अन्य बैठकों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं में भागीदारी:**

4.1 दिनांक 26.02.2022 को आयोजित ''महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की अनुदानों के लिए मागों (2022-23) पर विचार'' विषय पर विभाग-संबंधी संसदीय स्थायी समिति (ईडब्ल्यूसीवाई व एस) की बैठक में भाग लिया ।

*****